दिन–गुरूवार दिनांक– 08/08/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

केन्द्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि सरकार रोजगार सृजन के लिए पन्द्रह योजनाएं चला रही है। इसके कारण बेरोजगारी दर छह प्रतिशत से घटकर अब तीन दशमलव दो प्रतिशत रह गई है। राज्यसभा में श्री मांडविया एक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सोलह में योजना शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना के तहत एक करोड़ इक्कीस लाख लोगों को रोजगार मिला है। श्री मांडविया ने कहा कि मुद्रा योजना के तहत अठारह करोड़ उनतीस लाख रुपये के ऋण स्वीकृत किये गये और उनचास करोड़ लोगों को मदद मिली है।

––

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि उद्यम पोर्टल, पीएम विश्वकर्मा योजना और लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्यम– एमएसएमई क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न पहलों के माध्यम से बीस करोड़ रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री मांझी ने कहा कि मंत्रालय के उदयम पोर्टल पर अकेले चार करोड़ आठ लाख लोग पंजीकृत हुए हैं। उन्होंने बताया कि मंत्रालय क्रेडिट गारंटी योजना, आत्मनिर्भर योजना और अन्य पहलों के तहत देश में रोजगार के अवसर बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। मंत्री ने कहा कि रोजगार सृजन के लिए महिलाओं और युवाओं पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

––

वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए अपनी तीसरी द्विमासिक समिति की बैठक में, भारतीय रिज़र्व बैंक–आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी वृद्धि पूर्वानुमान को सात दशमलव दो प्रतिशत पर यथावत रखा। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने छह में से चार सदस्यों के बहुमत से रेपो रेट को छह दशमलव पांच प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है।

––

पेरिस ओलंपिक में अयोग्य घोषित किये जाने के बाद विनेश फोगाट ने खेल से सन्यास लेने की घोषणा की है। फोगाट ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी देते हुये अपनी मां से मांफी मांगी है।

———————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान खगड़िया के बेलदौड़ में सबसे अधिक तिहत्तर दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, किशनगंज और पूर्णियां जिलों के एक दो स्थानों पर भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के दक्षिण और उत्तर–पूर्व भागों के एक दो स्थानों पर हल्की बारिश के साथ मेघगर्जन और वज्रपात का पूर्वानुमान जताया गया है।

———————————————————————————

बेगूसराय और मोकामा के बीच गंगा नदी पर बने राजेन्द्र सेतु पर सड़क मरम्मत का कार्य चल रहा है। इसके कारण आज रात दस बजे से कल सुबह छह बजे तक आवागमन बंद रहेगा।

———————————————————————————

अररिया व्यवहार न्यायालय ने बारह वर्ष पूर्व एमडीएम के दो क्विंटल चावल गबन करने का मामले में दोषी प्रणव कुमार और भरगामा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के एक प्रधानाध्यापक को तीन साल की सजा के साथ दस–दस हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ककोलत के सौंदर्यीकरण में उल्लेखनीय योगदान के लिए नवादा के वन प्रमंडल पदाधिकारी संजीव रंजन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर वन और पर्यावरण मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार भी मौजूद थे।

———————————————————————————

जहानाबाद जिले में ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस प्रशासन ने चोरी या खोया हुआ मोबाईल पैंतीस लोगों को लौटा दिया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।